हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार 20 जनवरी 2026

11 जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सतनाली कॉलेज की...



12 चतुर्थ एथलेटिक मीट में छात्राओं ने दिखाया साहस, ईशा...



## खबर संक्षेप

### नगर पालिका हाउस की बैठक आज

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका हाउस की बैठक आज मंगलवार को होगी। इसमें आठ मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्षदों की सहमति पर मुद्दों पर मुहर लगाई जाएगी। बैठक में देवीलाल पार्क के पास सामुदायिक केंद्र का नाम अटल बिहारी वाजपेयी करने और मूर्ति स्थापना पर चर्चा होगी। माजरा चुंगी को रेजांगला चौक का नाम दिया जाएगा।

### पत्रकार बलवान पर घर में घुसकर हमला

**नारनौल।** शहर की शास्त्रीनगर में रहने वाले पत्रकार बलवान शर्मा पर कुछ बदमाशों ने हमला किया है। वारदात रविवार शाम की है। उस वक्त वह घर पर थे। शोर मचाने पर हमलावर भाग खड़े हुए। जाते वक्त जान से मारने की धमकी भी देकर गए। इस वारदात के बाद शिकायत के आधार पर सिटी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपितों की तलाश में सीआईए व अन्य टीम गठित की है।

### दो निजी बसों में भिड़ंत जानलेवा हादसा टला

**नांगल चौधरी।** सोमवार की सुबह घना कोहरा वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना रहा। दृष्टयता बहुत कम होने की वजह नांगल नूनिया के पास एनएच-148 बी पर दो निजी बसों में भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई तथा सैकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने घायल बच्चों को नांगल चौधरी सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ितों को डिस्चार्ज कर दिया है।

## उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार गंभीर

# ट्रॉमा सेंटर भवन में कैंसर पीड़ितों के लिए खुलेगा डे केयर कीमोथेरेपी सेंटर

**रोहतक, जयपुर या एम्स जैसे बड़े संस्थानों के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर**

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिले के कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। ट्रामा में जल्द ही कैंसर मरीजों के लिए डे केयर सेंटर की शुरुआत होने जा रही है। इस सेंटर के खुलने से अब कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए बार-बार चंडीगढ़, रोहतक, जयपुर या एम्स जैसे बड़े संस्थानों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, यह सुविधा खासतौर पर उन मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी, जो पहले से किसी बड़े संस्थान में इलाज करा रहे हैं, लेकिन नियमित कीमोथेरेपी के लिए लंबी दूरी तय करने को मजबूर थे।

जिला नागरिक अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर भवन में छह बैड का आधुनिक डे केयर कीमोथेरेपी सेंटर स्थापित किया जा रहा है। यहां मरीजों को दिन में कीमोथेरेपी दी जाएगी और प्रक्रिया पूरी होने के बाद शाम को उन्हें घर भेज दिया जाएगा। इससे न केवल अस्पतालों पर बोझ कम होगा, बल्कि मरीजों को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक राहत भी मिलेगी। ट्रामा में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना से यह साफ हो गया है कि सरकार जिला स्तर पर भी उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। यह कदम न केवल मरीजों के जीवन को आसान बनाएगा, बल्कि जिले के स्वास्थ्य ढांचे को भी मजबूत करेगा। इस केंद्र में कीमोथेरेपी के अलावा, मरीजों के लिए परामर्श और उपचार के दौरान आने वाले साइड इफेक्ट्स को मैनेज करने की चिकित्सा सहायता भी मिलेगी। मरीजों को कैंसर की कुछ दवाएं भी यहां मिल सकेंगी।




**नारनौल।** ट्रामा सेंटर, जहां कैंसर पीड़ितों के लिए डे केयर सेंटर स्थापित होना है।

### मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जरूरी कदम

पिछले कुछ वर्षों में जिले में कैंसर के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। वर्तमान में महेंद्रगढ़ जिले में 527 कैंसर मरीज एक्टिव हैं। आए दिन गला, स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर और पेट से जुड़ी बीमारियों के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कीमोथेरेपी सुविधा का होना समय की मांग बन चुका था। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि यह डे केयर सेंटर भविष्य में और भी विस्तारित किया जा सकता है।

### 26 जनवरी को हो सकता है उद्घाटन

सूत्रों के अनुसार, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी इस डे केयर सेंटर का उद्घाटन कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह जिला स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जाएगा। इससे पहले जिले में इस तरह की विशेष कैंसर सुविधा उपलब्ध नहीं थी। कैंसर जैसे गंभीर रोग के इलाज के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की बेहद जरूरत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए नागरिक अस्पताल में दो चिकित्सकों और दो नर्सिंग अफसरों को विशेष प्रशिक्षण दिलाया गया है। डाक्टरों में डा. पवन यादव एवं डा. दिनेश कुमार शामिल हैं। इन सभी को कीमोथेरेपी देने, मरीजों की निगरानी करने और आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी गई है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा और कीमोथेरेपी केवल विशेषज्ञों की निगरानी में ही दी जाएगी।

### अन्य संस्थानों से इलाज ले रहे मरीजों को लाभ

यह डे केयर सेंटर खास तौर पर उन मरीजों के लिए वरदान साबित होगा जो पहले से एम्स, पीजीआई, बीकानेर, जयपुर या रोहतक जैसे बड़े चिकित्सा संस्थानों से कैंसर का इलाज करा रहे हैं। ऐसे मरीजों को अब केवल कीमोथेरेपी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने इलाज की फाइल और डॉक्टर की सलाह के आधार पर नागरिक अस्पताल में ही कीमोथेरेपी करा सकेंगे। लंबे समय कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए कई सौ किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। इससे न केवल समय बर्बाद होता था, बल्कि यात्रा, ठहराव और खान-पान पर भारी खर्च भी उठाना पड़ता था। डे केयर सेंटर शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों का आर्थिक बोझ कम होगा और उन्हें इलाज के दौरान घर के पास रहने की सुविधा मिलेगी।

### यह कहती हैं चिकित्साधिकारी



नारनौल के ट्रामा सेंटर में कैंसर पीड़ितों के लिए डे केयर सेंटर खोला जा रहा है। यह छह बैड का होगा और यहां आने वाले मरीजों को सुबह एडमिट करके उपचार प्रदान किया जाएगा और शाम को छुट्टी दे दी जाएगी। यह डे केयर सेंटर कीमोथेरेपी एवं उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से खोला जा रहा है। यह डे केयर कीमोथेरेपी सेंटर कैंसर पीड़ितों के लिए उम्मीद की नई किरण साबित होगा।

-डा. आशा शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक नागरिक अस्पताल नारनौल

## बैट्री फटने से हुई मौत मामले में आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी देने की मांग



**नारनौल।** पीड़ित परिवार की व्यथा सुनते तथा ढाढ़स बंधाते बसपा नेता अतरलाल।

**दमकल गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के निर्देश पर अटेली प्रत्याशी रहे अतरलाल एडवोकेट ने नारनौल शहर की रामनगर कॉलोनी में पहुंचे। वहां चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में हुए विस्फोट से आग लगने के कारण बावरिया अनुसूचित जाति के श्रमिक शिवकुमार की मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

मृतक श्रमिक शिवकुमार बावरिया के लड़के दिनेश ने हादसे की जानकारी देते हुए अतरलाल को बताया कि गत सोमवार 12 जनवरी की रात्रि को उनके पिता इलेक्ट्रिक स्कूटी को कमरे में चार्जिंग पर लगाकर सोए हुए थे। अचानक स्कूटी की बैट्री फटने से कमरे में आग लग गई और उनके 55 वर्षीय श्रमिक पिता की मौत हो गई। पूरा कमरा तथा इसमें रखा सामान लैपटाप, स्कूटी, दो सिलाई मशीन, एलईडी, संदूक, अनाज, कपड़े सभी जल कर राख हो गए। दमकल गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।

शोकाकुल परिवार की व्यथा सुनने के बाद अतरलाल ने प्रदेश सरकार तथा जिला उपायुक्त से पीड़ित परिवार के बेरोजगार बेटे को सरकारी नौकरी देने तथा तत्काल नुकसान का सर्वे करवाकर आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस भयंकर हादसे से पूरा परिवार सदमे में है। इस मौके पर मृतक के पुत्र दिनेश, भाई कंवरसिंह, पत्नी इंद्रा, बेटी पुष्पा व नीरा के साथ रामकिशन, रतनसिंह, बिरेन्द्र सिंह, मनीष, धर्मसिंह, देशराज, राकेश आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## महासर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव महासर में गांव के ही निवासी एक युवक ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मकान मलिक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गांव महासर निवासी ललिता नामक महिला ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि गांव का ही निवासी सचिन नामक युवक ने रात्रि के समय घर में घुसकर मोबाइल फोन व आभूषण चुरा लिए हैं। सहायक उपनिरीक्षक संदीप पूनिया ने शिकायत के बाद तत्परता दिखाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की बड़ी कार्रवाई

# गैस की कालाबाजारी, पाली गांव में पकड़े 24 सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

क्षेत्र के गांव पाली में सोमवार को घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विनोद कुमार, सतनाली इंस्पेक्टर संदीप कुमार, सतनाली इंस्पेक्टर प्रमोद शेखावत के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव पाली में पिकअप गाड़ी से 24 सिलेंडर पकड़े हैं। टीम ने पिकअप गाड़ी से 14 एचपी एजेंसी व नौ इंडियन एजेंसी के सिलेंडर बरामद किए हैं। पकड़े गए सिलेंडर को टीम ने संबंधित एजेंसी में जमा करवा दिए हैं।

बता दें कि खाद्य आपूर्ति विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पाली में गोपाल की पिकअप गाड़ी में अवैध रूप से सिलेंडर रखे हुए हैं। इसी सूचना के आधार पर विभाग ने गांव पाली में रैड की। पिकअप गाड़ी की जांच की गई। पिकअप में 24 गैस सिलेंडर थे तथा सभी में गैस भी भरी हुई थी।

अधिकारियों ने गोपाल से सिलेंडर संबंधी कागजात की मांग की, पंरतु वह कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर पाया। बताते चलें कि व्यवसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर सरकार ने रोक लगा रखी है।



**महेंद्रगढ़।** रेड के दौरान उपस्थित विभाग के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## शहरी सौंदर्यीकरण पर पड़ेगा असर

# अटेली पालिका की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

कागजी योजनाओं से आगे बढ़ते हुए अटेली नगर पालिका की वित्तीय कमेटी बैठक में शहर को नए स्वरूप देने वाले विकास कार्यों पर मुहर लगाई गई। बैठक में करीब 80 लाख रुपये की लागत से ऐसे प्रस्ताव पारित किए गए, जिनका सीधा असर आमजन की सुरक्षा, सुविधा और शहरी सौंदर्यीकरण पर पड़ेगा। बैठक में नए नगर पालिका कार्यालय के बाहर सीसीटीवी कैमरे, चारदीवारी पर फेंसिंग, नगर पालिका क्षेत्र में लाइब्रेरी की स्थापना, विस्तारित सीमा वाले क्षेत्रों पर स्वागत द्वार, अंडरपास से सिटी पार्क तक सड़क निर्माण तथा अंबेडकर भवन पार्क में रिचार्ज बोर की व्यवस्था जैसे अहम कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव भी पास किए गए, जिससे आवागमन को सुगम बनाया जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल ने बैठक के बाद कहा कि अटेली के विकास में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व हरियाणा सरकार के सहयोग से नगर पालिका को पर्याप्त बजट मिल रहा है, जिससे साफ-सफाई, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है।



**मंडी अटेली।** नगर पालिका की बैठक लेते चेयरमैन संजय गोयल।

## एडीसी तरुण पावरिया ने दयालु-2 योजना को लेकर की बैठक

# आवारा पशुओं के हमले पर सरकार देगी आर्थिक मदद: अतिरिक्त उपायुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु-2 की शुरुआत की है। अब आवारा पशुओं के कारण होने वाली अनहोनी में पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी का हरियाणा राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। लाभार्थी का नाम परिवार पहचान पत्र में दर्ज होना चाहिए। यह योजना तब प्रभावी होगी, जब पशु हमले का हादसा हरियाणा राज्य की सीमा के भीतर हुआ हो। वहीं गाय, बैल, कुत्ता, नीलगाय, गधा आदि जैसे आवारा या बेसहारा पशुओं के काटने या हमले पर आर्थिक मदद दी जाएगी। किसी व्यक्ति की मृत्यु या स्थायी विकलांगता होने पर पीड़ित या उसके आश्रित परिवार को सहायता मिलेगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि मृत्यु या घायल होने के मामलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर और समय सीमा के भीतर किया जाए। इस मौके पर एसडीएम महेंद्रगढ़ कनिका गोयल, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, एसडीएम कनीना, नगराधीश डॉ मंगल सेन, पीओ शीलकराम तथा डीएसओ अनीता आदि अधिकारी मौजूद थे।

*ये रहेगी आवेदन की प्रक्रिया : पीड़ित परिवार सीधे ऑनलाइन दयालु-2 योजना के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सहायता राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। प्रार्थी को हादसे के 90 दिन के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।*

### ये मिलेगी सहायता राशि

सरकार द्वारा आयु के अनुसार निम्नलिखित सहायता राशि निर्धारित की गई है।

- 12 वर्ष तक की आयु के लिए: मृत्यु या 70 प्रतिशत से अधिक स्थायी दिव्यांगता पर 1,00,000 रुपये।
- 12 से 18 वर्ष तक की आयु के लिए: मृत्यु या 70 प्रतिशत से अधिक स्थायी दिव्यांगता पर 2,00,000 रुपये।
- 18 से 25 वर्ष तक की आयु के लिए: मृत्यु या 70 प्रतिशत से अधिक स्थायी दिव्यांगता पर 3,00,000 रुपये।
- 25 से 45 वर्ष तक की आयु के लिए: मृत्यु या 70 प्रतिशत से अधिक स्थायी दिव्यांगता पर 5,00,000 रुपये।
- 45 वर्ष से अधिक आयु के लिए: मृत्यु या 70 प्रतिशत से अधिक स्थायी दिव्यांगता पर 3,00,000 रुपये।
- घायल होने की स्थिति में: सभी आयु वर्गों के लिए घायल अवस्था में 10,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।
- कुत्ते के काटने पर : कुत्ते के काटने पर दांत के निशान के आधार पर सहायता का प्रावधान है।



## खबर संक्षेप



### रघुनाथपुरा में बच्चों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

**नारनौल।** सड़क सुरक्षा माह के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में ट्रैफिक एसएचओ एवं निरीक्षक नरेश कुमार एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना था। कार्यक्रम के दौरान एसएचओ ट्रैफिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें बताया कि थोड़ी सी सावधानी किस प्रकार बड़े हादसों को टाल सकती है।

### राव नेतराम के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**नारनौल।** राजकीय उच्च विद्यालय ताजपुर में सोमवार को ब्लाक स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राव नेतराम के विद्यार्थियों ने दमखम दिया। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य अनीता देवी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि विद्यालय का परिणाम सराहनीय रहा। नाटक में पायल, रिमी, तानिया, सानिया, हर्षिता, छवि, नम्रता, खुशबू प्रथम, कविता में शुभम प्रथम, पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण में अंशु प्रथम, भाषण खुशबू द्वितीय, वाद-विवाद में कोमल, निशू प्रथम, प्रश्नोतरी में सुमित, किरण, अशिका द्वितीय, डोक्यूमेन्ट्री में राधिका प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी जीत दर्ज की।

### आज फ्रांसखाना में सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल की ओर से साप्ताहिक निशुल्क सुंदरकांड पाठ का आयोजन मंगलवार रात मोहल्ला फ्रांस खाना में किया जाएगा। यह पाठ दीपक मित्तल मनीष मित्तल के आवास पर होगा। मंडल सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा जिसमें शहर के गायक कलाकार भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे

### 22 जनवरी को होगी वार्ड नंबर एक की एरिया सभा

**नारनौल।** नगर परिषद भी अब ग्राम पंचायतों की भांति एरिया सभा आयोजित करेगी। पहली एरिया सभा वार्ड नंबर एक में होगी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार भुक्कल ने बताया कि नगर परिषद के वार्ड नंबर एक की एरिया सभा संख्या एक के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि हरियाणा नगर परिषद नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के प्रावधानों अनुसार 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे एरिया सभा की बैठक ग्राम सचिवालय किरारोद की ढाणी वार्ड संख्या एक स्थान पर आयोजित की जाएगी। एरिया सभा के 10 प्रतिशत मतदाताओं को भाग लेना जरूरी।

### जिलास्तरीय क्विज एवं डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सतनाली कॉलेज की रवीना ने मारी बाजी

> सरस्वती नदी भारतीय सभ्यता की प्राचीन धरोहर है, जिसे जानना और संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में सरस्वती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं डिक्लेमेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं सरस्वती नदी के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय महिला महाविद्यालय व्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह तथा प्रोफेसर विजय यादव द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि प्रोफेसर महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

सरस्वती नदी भारतीय सभ्यता की प्राचीन धरोहर है, जिसे जानना और संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा सभी प्रतिभागियों को इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्कृत विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. बलजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने सरस्वती नदी से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों के साथ-साथ कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को प्रेरणादायक जानकारी उपलब्ध करवाई। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सतनाली की छात्रा रवीना पुत्री राजेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में भी रवीना ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वयन महाविद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों प्रभारी डॉ. पविता यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. ममता शर्मा, डॉ. संजय शर्मा एवं डॉ. किरण यादव द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के दौरान टाइम कीपर की भूमिका कीर्ति स्वरूप द्वारा अत्यंत पाबंदी एवं समयबद्धता के साथ निभाई गई, जिससे समस्त प्रतियोगिता निर्धारित समय-सीमा में सुचारु रूप से संपन्न हुईं। इस अवसर पर जिले के विभिन्न महाविद्यालय से आए विद्यार्थी, शिक्षक एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एमएलएस डीएवी स्कूल के स्काउट्स को प्राचार्य ने किया सम्मानित



**नारनौल।** भारत स्काउट एवं गाइडू के हरियाणा राज्य प्रशिक्षण केन्द्र अंबाला कैंट में 31 दिसम्बर से तीन जनवरी तक राज्य पुरस्कार स्काउट एवं गाइड ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न विद्यालयों से स्काउट्स ने भाग लिया। इस शिविर में एमएलएस डीएवी स्कूल से भी 21 स्काउट्स ने अध्यापक आशीष यादव व रितेश यादव के मार्गदर्शन में भाग लिया। इस शिविर में विद्यार्थियों को अनेक प्रयोग जीवानुपयोगी गतिविधियां सिखाई गई। विद्यार्थियों को नेतृत्व व टीम वर्क, सामुदायिक सेवा का गुण, स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति जागरुकता जैसे अनेक कौशल सिखाए गए तथा उन्हें अनुशासन में रहना सिखाया गया। इस चार दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भारत स्काउट और गाइड के हरियाणा राज्य प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सोमवार को प्राचार्य राजेश कुमार ने सभी स्काउट्स को प्रार्थना सभा में सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और उनका मनोबल बढाया। उन्होंने स्काउट्स के अनुशासन व कार्यकुशलता की सराहना की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बताया कि अनुशासन व्यक्ति के व्यवहार और कार्यप्रणाली को सही दिशा देता है और उसके व्यक्तित्व का विकास करता है।

## नेताजी के आदर्श आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक: प्रो. नरेश

- आदर्श व स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान के महत्व को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों में नेताजी के जीवन, उनके आदर्श और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के महत्व को उजागर करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. नरेश यादव ने की। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. नरेश यादव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनके साहसिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उनके नेतृत्व और संघर्ष ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि नेताजी के आदर्श आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं।

महाविद्यालय के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानी राव जैमल मेमोरियल ट्रस्ट और नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें मुख्य रूप से भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के आयोजन और संचालन का जिम्मा सतपाल सुलोदीया ने संभाला, जबकि निर्णायक मंडल में डॉ. पारुल यादव, डॉ. धीरज और डॉ. अमित कुमार उपस्थित रहे।

### देवास व माजरा कलां में चलाया जागरूकता अभियान

**महेंद्रगढ़।** पुलिस टीम ने थाना सदरके अंतर्गत आने वाले गांव देवास और माजरा कलां का दौरा किया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाना है। गांव देवास में पोस्ट ऑफिस के पास और गांव माजरा कलां में पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लिया। निरीक्षक शारदा बताया कि पुलिस नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए प्रयासरत है, जो पीड़ित नशा छोड़ना चाहते हैं, पुलिस उनकी हर संभव मदद करेगी। अभियान के दौरान पुलिस ने मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में विस्तार से बताया। महिला सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई। उपस्थित महिलाओं को डायल 112 ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## सूरज के 30 विद्यार्थियों का साइंस एवं मैथ ओलंपियाड में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

साईंस ओलम्पियाड फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ओलम्पियाड़ में गणित और विज्ञान का परिणाम जारी किया गया, जिसमें सूरज स्कूल के 30 से अधिक विद्यार्थियो ने सफलता हासिल की। विज्ञान एवं गणित विषय में 30 से अधिक विद्यार्थियो को ओलम्पियाड़ फाउंडेशन द्वारा गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलैंस तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। ये सभी विद्यार्थी इस परीक्षा में द्वितीय चरण में भाग लेंगे। इसमें सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में हिमांशी, दीपांशु, कठोर, वीरेश, निशा, तनिष, अंकुर, अवशेष, नीतीश, चिराग शर्मा, रमन, समीक्षा, दीक्षा, कार्तिक, दक्ष, आरव, मयंक, श्रुति, डिम्पल, पार्टिग्या, कविता, पलक, नेहा, तनीषा, प्राची, निखिल, कृष, भूमिका शर्मा, रिया, चहल तंवर शामिल रहे।

विद्यालय के निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ओलम्पियाड़ में भारत सहित विभिन्न देशों के विद्यार्थी भाग लेते है। ऐसी प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्राप्त करना गौरव का विषय है। इस प्रकार की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता के पीछे उचित मार्गदर्शन, समायोजित तैयारी और कड़ी मेहनत का योगदान होता है। ऐसी सफलता से विद्यार्थियों में जो आत्मविश्वास उत्पन्न होता है वह उन्हे भविष्य में बड़ी प्रतियोगिता के लिए मार्ग दिखाता है। विद्यालय प्राचार्य, कॉर्डिनेटर सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को सराहा और भविष्य के लिए उन्हे शुभकामना दीं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली



सतनाली। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ पर जागरुकता रैली निकालते हुए।

**सतनाली मंडी।** गांव बास सतनाली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। डा. मनीष यादव के दिशानिर्देश पर आयोजित जागरूकता रैली को रवाना करते हुए सरपंच कर्णपाल ने कहा कि बेटियों को शिक्षित कर ही हम एक सशक्त और विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की सोच बदलने का अभियान है। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी होशियार सिंह ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटा-बेटी में भेदभाव न करें। इस अवसर पर एएनएम अनिता, विनू व सुनीता, आशा वर्कर फूलपति, सुशीला व संगीता, मा. रामनिवास, मा. बंसी, सरोज आदि सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने 25वीं ऑल इंडिया 'भारत को जानो' क्विज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में विद्यालय की छात्रा ईशिका मित्तल पुत्री अनिल कुमार एवं अंजना मित्तल तथा छात्र ध्रुव पुत्र सुबेसिंह एवं सरस्वती देवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित मॉर्निंग असेंबली के दौरान विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र एवं शुभकामनाएँ प्रदान की गईं। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर सुरेश यादव ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का प्रतीक है। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदुवंशी ग्रुप निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है।

## राव नेतराम स्कूल के बच्चों ने दिखाया दमखम

**नारनौल।** राजकीय उच्च विद्यालय ताजपुर में सोमवार को ब्लाक स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राव नेतराम के विद्यार्थियों ने दमखम दिया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालयस प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया विद्यालय का परिणाम सराहनीय रहा। नाटक में पायल, रिमी, तानिया, सानिया, हर्षिता, छवि, नम्रता, खुशबु प्रथम, कविता में शुभम प्रथम, पॉवर पूवाईट प्रस्तुतिकरण अन्शु प्रथम, भाषण खुशबु द्वितीय, वाद-विवाद मे कोमल, निशू प्रथम, प्रश्नोतरी में सुमित, किरण, अशिका द्वितीय, डोक्यूमेन्ट्री मे राधिका प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी जीत दर्ज की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में कानूनी साक्षरता का ज्ञान बढ़ता है। विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता मे भाग लेगें। इस मौके पर पूजा शर्मा, प्रियंका व अन्य विधालय स्टाफ उपस्थित रहा।



नारनौल। विजेता प्रतिभागी के साथ अध्यापक। फोटो: हरिभूमि

## जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। विद्यार्थियों के साथ शिक्षण महाविद्यालय स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को सड़क सुरक्षा अभियान माह के अंतर्गत जिला रेडक्रास एवं शिक्षा विभाग की ओर से जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यकारी प्रचार्या डा. रेखा कुमारी ने की। टेकचंद यादव ने सड़क सुरक्षा पर श्लोगन सहित एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होने बताया कि सड़क पर चलते समय सड़क पर बने हुए चिन्हों के दिशा-निर्देशों के अनुसार वाहन चलाना चाहिए। इसके लिए इन्होंने तीन तरह के चिन्हों के बारे में बताया, जिसमें निर्देशात्मक चिन्ह गोलाकार आकृति में, चेतावनी चिन्ह त्रिभुज आकृति, सूचनात्मक चिन्ह आयताकार आकृति एवं उल्टे त्रिभुज की आकृति में बना चिन्ह सबसे पहले आवश्यकता वाले वाहन को रास्ता देने के लिए होता है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर 112 नम्बर डायल करें तथा राष्टीय राजमार्ग पर दुर्घटना होने पर 1033 नम्बर पर डायल करें।

दुर्घटना ग्रस्त की जान बचाने के लिए अस्पताल तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25000 रुपये का ईनाम दिए जाने वाले सरकारी प्रावधान की भी जानकारी दी। इसके साथ ही महाविद्यालय की तरफ से जिला रेडक्रास सोसायटी के बैनर तले एक रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने नारो के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर डा. हंसराज डीपीई, मुकेश डीपीई एवं प्रदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार, संजीव, सुनील, रामअवदेश, दीपक, चंदन, बाबुलाल, फतेहसिंह, रविन्द्र, पपीता आदि उपसथित रहे।

### ग्रामसभा की बैठक में ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने एसडीएम कनिका गोयल का जताया आभार

# राजावास के सरकारी स्कूल का बिजली कनेक्शन ग्रामीण फीडर से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। एसडीएम कनिका गोयल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

उपमंडल के गांव राजावास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बिजली कनेक्शन गांव के फीडर से जोड़ दिया गया है। स्कूल के बिजली कनेक्शन को गांव के फीडर से जोड़ने की मांग सरपंच व ग्रामीणों ने महेंद्रगढ़ में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सामने रखी गई थी। जिस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सहकारिता मंत्री ने एसडीएम कनिका गोयल को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए।

एसडीएम कनिका गोयल ने बिजली निगम के अधिकारियों के साथ स्कूल का निरीक्षण किया और राजावास स्कूल के बिजली कनेक्शन को गांव के फीडर से जोड़ने का एस्टीमेट तैयार करवाया और स्कूल की लाइट एक माह के अंदर गांव के फीडर से जोड़ा गया। इससे पहले स्कूल में एग्रीकल्चर फीडर से बिजली आपूर्ति होती थी जो अधिकतर समय रात में ही आती थी, इसलिए आमतौर पर दिन के समय बिजली की समस्या बनी रहती थी। गांव के फीडर से बिजली जोड़े जाने के बाद अब स्कूल में दिन के समय बिजली की सुविधा मिल सकेगी। जिसके लिए ग्राम पंचायत और गांव के सभी ग्रामीण सरकार व प्रशासन के आभारी हैं।

एसडीएम कनिका गोयल राजावास गांव के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में पहुंची। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने स्कूल की लाइट गांव के फीडर से जोड़ने पर एसडीएम कनिका गोयल का आभार जताया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान गांव के सरपंच मोहित कुमार, पंच व अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

